कांग्रेस और सपा की नीतियां जनविरोधी तो भाजपा की विभाजनकारी : मायावती

Tuesday, 23 July 2013 15:27

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से लेकर नक्सलवाद तक की समस्या बढ़ी है, जबकि समाजवादी पार्टी की दुर्भावना और द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो गया है।

मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन की क्षेत्रवार समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा, “कांग्रेस और भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के साथ नक्सलवाद की समस्या लगातार बढ़ती दिख रही है।”

उन्होंने प्रदेश में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी को भी आड़े हाथों लिया और इस पर राजनीतिक दुर्भावना और द्वेष की भावना से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, “सपा सरकार में कानून और व्यवस्था की स्थिति इस कदर बिगड़ गयी है कि आम जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मी और पुलिस अधिकारी की अराजक तत्वों के हमलों का शिकार हो रहे हैं और उनकी हत्यायें तक हो रही हैं।”

चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकीं बसपा मुखिया ने बसपा राज में उठाये गये जनकल्याण एवं विकास के कदमों का उल्लेख करते हुए कहा, “प्रदेश के लोग पिछले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनवा देने के लिये अब अपनी गलती का एहसास कर रहे हैं और अपराध नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था के मामले में बसपा सरकार के बेहतरीन हालात को याद कर रहे हैं।”

उन्होंने उपस्थित पार्टी विधायकों, सांसदों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सर्वसमाज के लोगों को कांग्रेस व सपा की जनविरोधी और भाजपा की विभाजनकारी नीति एवं कार्यकलापों से आगाह करें और आगामी लोकसभा चुनाव में उन्हें ‘सही पार्टी’ के हाथों में सत्ता सौंपने के लिये प्रेरित करें।

(भाषा)

1 / 1